दिल्ली प्रशासन के शिक्षा विभाग द्वारा संसद्-सदस्यों के पत्रों का उत्तर दिया दिया जाना

3350. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि दिल्ली प्रशासन के शिक्षा विभाग को वर्ष 1991–92 के दौरान संसद सदस्यों के कुल कितने पत्र प्राप्त हुए और विभाग द्वारा उनमें से कितने पत्रों के उत्तर दिये गये ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग में उपमंत्री) (कुमारी शैलजा) : सूचना एकत्र की जा रही है और सभापटल पर रख दी जाएगी।

Transfer Committee of K.V.S.

3351. SHRI MISA R. GANESAN: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to refer to answer to the Unstarred Question 313 given in the Rajya Sabha on 10th July, 1992 and state:

(a) what are the bases of nomination of President of R. K. V. A. S. (U) as a member of Transfer Committee, when its recognition is still in question; and

(b) what are the reasons for not accepting the plea of AIKVTA dated 3rd June, 1992 for nomination to the Transfer Committee?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE) (KUMARI SELJA): (a) and (b) The transfer Committee is an administrative arrangement and a teacher has been included on the represented in the Joint Consultative Machinery.

उर्दू संवर्धन ब्यूरो द्वारा पुस्तकों की खरीद किया जाना

3352. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि;

(क) गत दो वर्षों के दौरान उर्दू संवर्धन ब्यूरो, नई दिल्ली द्वारा आधुनिक भारतीय भाषा स्कीम के अंतर्गत पुस्तकों की खरीद पर कितना व्यय किया गया, और

(ख) खरीदी गई पुस्तकों का भाषा-वार ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) पिछले दो वर्षों के दौरान उर्दू प्रोन्नति ब्यूरो नई दिल्ली द्वारा पुस्तकों की खरीद पर खर्च की गई राशि इस प्रकार है :–

1990–91 . . . 1,99,022/– रु.

1991–92 . . . 1,56,646/– रू.

(ख) भारतीय भाषाओं तथा अंग्रेजी में प्रकाशन हेतु मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा वित्तीय सहायता की योजना के अंतर्गत उर्दू के अलावा अन्य भाषाओं को खरीदी गई पुस्तकों का विवरण संलग्न है। **(नीचे देखिये)**।